मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 44 ■ अंक : 76 ■ गुरुवार 28 मई 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.
Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..
दवाइयों से गंजे हुए हनी सिंह, बोले- विग लगाता हूं

# उल्हासनगर में गुटखा माफिया सक्रिय

## पुलिस अंधेरे में चला रही तीर

## गुटखा माफिया के गोदाम पुलिस पकड़ से दूर

- पान दुकानों पर पुलिस की छापेमारी
- विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने की कार्रवाई

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर शहर में प्रतिबंधित गुटखा धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। इन गुटखा माफियाओं के गोदाम शहर में ही स्थित है। पुलिस को भी इसकी पूरी जानकारी है। उल्हासनगर-4 व 5 निवासी दिलीप वलेच्छा सहित कई बड़े नाम इस गोरखधंधे में शामिल है जो गुजरात से माल रोजाना करोड़ों का लेकर उल्हासनगर सहित परिसर के शहरों में पुलिस की नाक की नीचे यह कारोबार करते हैं लेकिन पुलिस को शहर में अन्य क्राइम व नशे के कारोबार से फुर्सत मिले तो गुटखा माफिया पर लगाम लगाएं। पुलिस फिलहाल अंधेरे में ही तीर चला रही है। शहरवासियों का आरोप है कि उल्हासनगर-1 से 5 तक हर जगह किराणा व पान की दुकान में यह गुटखा आसानी से उपलब्ध है लेकिन पुलिस दिखावे की कार्रवाई कर रही है।



नशीले पदार्थों पर लगाम लगाने के पुलिस एक्शन मोड में

ज्ञात हो कि पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मार्गदर्शन में विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने व्हीनस चौक परिसर सहित कई इलाकों में स्थित पान दुकानों पर अचानक छापेमारी अभियान चलाया। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम ने कई पान दुकानों की जांच-पड़ताल की। हालांकि छापेमारी के दौरान किसी भी दुकान से गुटखा या कोई नशीला पदार्थ बरामद नहीं हुआ। बावजूद इसके पुलिस ने सभी पान दुकान चालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा कि भविष्य में दुकान पर किसी भी प्रकार का प्रतिबंधित गुटखा, सुगंधित तंबाखू या नशीला पदार्थ मिला तो संबंधित दुकानदारों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस अचानक कार्रवाई से इलाके के दुकानदारों और अवैध धंधा करने वालों में हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि लगातार ऐसी कार्रवाई होने से युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद मिलेगी।

इस अभियान में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोळी, पीएसआई बंकटस्वामी दराडे, सहायक पुलिस उपनिरीक्षक रामदास मिसाळ, पुलिस हवालदार दिलीप चव्हाण, संतोष सांगळे, पुलिस नाइक भागवत दहिफळे, पुलिस शिपाई गणेश राठोड, चंद्रकांत गायकवाड और सौरभ ठाकूर ने सक्रिय भूमिका निभाई। विठ्ठलवाड़ी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर में गुटखा और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा।

# अंबरनाथ में जुए के अड्डे पर रेड; 3 गिरफ्तार

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पुलिस ने अंबरनाथ वेस्ट रेलवे स्टेशन इलाके में रिक्शा स्टैंड के पीछे खुले मैदान में चल रहे जुए के अड्डे पर रेड मारकर बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन लोगों को रंगे हाथों पकड़ा है और उनके पास से कैश और जुए का सामान जब्त किया है। इस मामले में अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक, 25 मई 2026 को शाम करीब 4:45 बजे पुलिस को पक्की जानकारी मिली थी कि कुछ लोग अंबरनाथ रेलवे स्टेशन वेस्ट में रिक्शा स्टैंड के पीछे खुले मैदान में गैर-कानूनी तरीके से जुआ खेल रहे हैं और खेल रहे हैं। इस जानकारी के आधार पर अंबरनाथ पुलिस स्टेशन के पुलिस कांस्टेबल मंगेश रामराव सूर्यवंशी की टीम ने उस जगह पर रेड की।

इस रेड में पुलिस ने जुआरी सोमनाथ जगन्नाथ परदेशी (48)



और कैलास मारुति भालेराव (52) और उन्हें जुआ खिलाने वाले मुख्य आरोपी रमेश राजधानी गुप्ता (45) को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने सोमनाथ परदेशी के पास से 400 रुपये कैश और नंबर वाली पीली रसीद, कैलाश भालेराव के पास से 350 रुपये कैश और रसीद, और रमेश गुप्ता के पास से 1250 रुपये कैश और जुए का दूसरा सामान ज़ब्त किया। इस पूरी कार्रवाई के बाद, आरोपियों के खिलाफ अंबरनाथ पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस सब-इंस्पेक्टर अहीर मामले की आगे की जांच कर रहे हैं।

# चलती बुलेट में लगी आग

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर की बिज़ी रोड पर शाम को एक तेज़ रफ़्तार बुलेट में आग लग गई, जिससे अफ़रा-तफ़री मच गई। कुछ ही पलों में आग ने भयानक रूप ले लिया और पूरी बुलेट जलकर राख हो गई। हालांकि, ड्राइवर ने सावधानी बरतते हुए समय रहते गाड़ी से कूदकर जान बचाई और एक बड़ा हादसा टल गया। यह चौंकाने वाली घटना आज़ाद नगर, कैंप नंबर 2 इलाके में हुई।



जब ड्राइवर बुलेट चला रहा था, तभी अचानक गाड़ी से धुआं निकलने लगा। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, बुलेट में आग लग गई और कुछ ही पलों में पूरी गाड़ी आग की लपटों में घिर गई। इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की। आग इतनी बड़ी थी कि कुछ देर के लिए इलाके में धुएं का गुबार फैल गया। अच्छी बात यह रही कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। हालांकि, ड्राइवर को बड़ा नुकसान हुआ है क्योंकि लाखों रुपये की बुलेट टू-व्हीलर कुछ ही पलों में जलकर राख हो गई।

# नाला सफाई से निकाला गया कीचड़ वापस नाले में!

- नाले की सफाई के काम में लापरवाही का आलम

**उल्हासनगर.** मानसून का मौसम बस कुछ ही दिन दूर है, ऐसे में नाले की सफाई के काम में उल्हासनगर मनपा की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है। शहर को बाढ़ से बचाने के लिए जहां करोड़ों रुपये दिए जा रहे हैं, वहीं उल्हासनगर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी हिस्से में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है कि नाले से निकाला गया कीचड़ वापस उसी नाले में डाला जा रहा है। इसलिए उल्हासनगरवासी सवाल उठा रहे हैं कि यह नाले की सफाई है या ड्रामा।



हर साल मानसून के दौरान शहर में निचले इलाकों में पानी भरने, नालियों के जाम होने और घरों में पानी घुसने की समस्या गंभीर रूप ले लेती है। इसके लिए मानसून से पहले नदियों और नालों की अच्छी तरह सफाई करना जरूरी है। हालांकि, इस साल भी मनपा का नाला सफाई अभियान सिर्फ दिखावा है। उल्हास नाले की सफाई के दौरान JCB की मदद से निकाली गई गाद को कुछ ही देर में वापस नाले के बीच में धकेलते हुए देखकर लोगों में गुस्सा भड़क गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रशासन और ठेकेदारों की लापरवाही के कारण शहर में बाढ़ का संकट और भी गंभीर हो सकता है। जबकि लोगों के टैक्स के पैसे से करोड़ों रुपये के काम मंजूर किए जा रहे हैं, असल में काम लापरवाही से किए जा रहे हैं। लोगों में यह भावना पैदा हो गई है कि प्रशासन सिर्फ कागजों पर नाले की सफाई पूरी दिखाकर जिम्मेदारी से बच रहा है।

### मनपा की लापरवाही से लोगों के घरों में पानी घुसने का डर

हर साल बाढ़ के बाद प्रशासन बड़ी-बड़ी घोषणाएं करता है और मीटिंग करता है। लेकिन, असल कार्रवाई में कोई बदलाव नहीं होता है। अगर नाले की समय पर और ठीक से सफाई नहीं हुई, तो डर है कि भारी बारिश में पानी एक बार फिर लोगों के घरों में घुस जाएगा।

# फायरिंग मामले में चार और गिरफ्तार

- अब तक कुल आठ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं
- दो भाईयों की हुई थी पिछले सप्ताह हत्या
- आरोपी 26 तक हिरासत में

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर-5 स्थित कैलाश कॉलोनी इलाके में करीब एक सप्ताह पूर्व हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में भाई अनिल चौहान और अमन चौहान की मौत हो गई थी और अर्जुन सुरजाबली चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस डबल मर्डर केस ने पूरे उल्हासनगर इलाके में काफी सनसनी फैला दी थी। शुरुआत में इस मामले में तीन लोगों शेखर बिराजदार, अजीज शेख और अजय राव को गिरफ्तार किया गया था। बाद में, मृतक के परिजनों के गंभीर आरोपों के आधार पर पुलिस ने सागर पाटिल को भी हिरासत में लिया।



इस बीच, जांच को तेज गति से आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने 26 मई को चार लोगों अदालत बदरुद्दीन खान, अमन मनोहर चौहान, कल्पेश सुनील म्हात्रे और प्रणय सचिन निकम को गिरफ्तार किया। इन सभी आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया गया।

# फेरीवालों के खिलाफ मनपा की कार्रवाई



- ठेले ज़ब्त किए, अतिक्रमण हटाया

उल्हासनगर. उल्हासनगर में बढ़ते अतिक्रमण की वजह से सड़कें संकरी होती जा रही हैं और ट्रैफिक जाम की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। मनपा की आम बैठक में इस मुद्दे पर ज़ोरदार चर्चा के बाद आखिरकार प्रशासन एक्शन मोड में आया है और प्रभाग समिति 3 के तहत अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया है।

मनपा की प्रभाग समिति 3 के अधिकार क्षेत्र में एक खास अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। प्रभाग समिति 3 की असिस्टेंट कमिश्नर और वार्ड ऑफिसर सलोनी निमकर के नेतृत्व में कैंप नंबर 3, OT सेक्शन, संतोषनगर इलाके में यह कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान फुटपाथ और सड़कों पर गैर-कानूनी तरीके से पार्क किए गए कई ठेले ज़ब्त किए गए, जबकि कई जगहों पर अतिक्रमण हटाया गया।

मनपा की कार्रवाई के दौरान कुछ जगहों पर हल्की-फुल्की अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, प्रशासन ने पुलिस सुरक्षा में कार्रवाई जारी रखी और अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया। स्थानीय नागरिक लगातार शहर के नो-हॉकर इलाकों में अवैध ठेलों की बढ़ोतरी, फुटपाथ पर अतिक्रमण और उनकी वजह से होने वाले ट्रैफिक जाम की शिकायत कर रहे थे। इसी पृष्ठभूमि में, इस मुद्दे पर आम सभा में गरमागरम बहस हुई। वार्ड अधिकारी सलोनी निमकर ने कहा कि नो-हॉकर इलाकों में नियमों के अनुसार यह कार्रवाई की गई है और भविष्य में भी इसी तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# अंबरनाथ में हर शुक्रवार को बंद रहेगी जलापूर्ति

- मजीप्रा ने जारी की सूचना

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में हर शुक्रवार को पानी बंद रहेगा. इसकी शुरूआत शहर पूर्व से शुक्रवार 29 मई से कर दी गई है. चिखलोली डैम में केवल 10 प्रतिशत पानी रह गया है. इसलिए हफ्ते में एक दिन शुक्रवार से चिखलोली डैम से जलापूर्ति बंद रहेगी. ऐसी सूचना मजीप्रा उप विभाग क्र. 1 अंबरनाथ उपविभागीय अधिकारी ने जारी किया है.



विदित हो कि बारवी डैम में भी पानी का जलस्तर कम हो गया है. भीषण गरमी और पानी की बढ़ती मांग के कारण डैम का जलस्तर कम होने से हफ्ते में एक दिन पानी बंद रखने का निर्णय लिया गया है. शहरवासियों से अपील की गई है कि पानी का इस्तेमाल कम करें और मजीप्रा को सहकार्य करने की अपील की गई है.

विदित हो कि चिखलोली डैम से शहर पूर्व के 50 हजार लोगों को जलापूर्ति की जाती है और बारवी डैम से अंबरनाथ, बदलापुर, उल्हासनगर एवं ठाणे जिले के कई शहरों को जलापूर्ति की जाती है. बारवी डैम में 32 प्रतिशत जलजमाव है. अगर डैम में इसी तरह जलस्तर कम होते गया तो आगे चलकर ठाणे जिले में भी हफ्ते में एक दिन पानी की कटौती की जा सकती है.

# ईरानी बस्ती से दो चेन स्नेचर गिरफ्तार

## कल्याण, नवी मुंबई पुलिस ने दो घंटे का जॉइंट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया

**कल्याण.** खड़कपाड़ा और नवी मुंबई पुलिस की जॉइंट टीम ने सोमवार/मंगलवार आधी रात को कल्याण-कसारा रेलवे लाइन पर अंबिवली स्टेशन के पास बदनाम ईरानी बस्ती में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। यह ऑपरेशन दो घंटे तक चला। प्लान के मुताबिक, पुलिस ने सीधे घरों में रेड मारी और दो ईरानी चेन स्नेचर, मूसा अनु सैयद और काबुली नौशाद सैयद को गिरफ्तार कर लिया।

ये दोनों नवी मुंबई में हुए चेन स्नेचिंग केस में फरार थे। नवी मुंबई पुलिस की एक टीम उनका पीछा कर रही थी। इसी बीच, कल्याण की खड़कपाड़ा पुलिस को पक्की खबर मिली कि दोनों आरोपी अंबिवली में ईरानी बस्ती में छिपे हुए हैं। इसके बाद, खड़कपाड़ा और नवी मुंबई पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन का प्लान बनाया। सुबह करीब 3 बजे शुरू हुआ कॉम्बिंग ऑपरेशन सुबह 5 बजे तक चला। इस बीच, पुलिस ने मूसा अनु सैयद और काबुली नौशाद सैयद के घरों पर छापा मारा और दोनों को हिरासत में ले लिया।

### और भी क्राइम सामने आने की संभावना



गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ नवी मुंबई समेत कई पुलिस थानों में चोरी समेत चेन स्नेचिंग और एक्सटॉर्शन के केस दर्ज हैं। पुलिस को उम्मीद है कि उनसे और भी क्राइम सामने आएंगे। खड़कपाड़ा पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# जिले में 'बकरीद' आज

**कल्याण.** ठाणे जिले में ईद-उल-अजहा अर्थात 'बकरीद' का त्योहार आज मनाया जाएगा, ईद-उल-अजहा अर्थात बकरीद मुस्लिम समाज का एक प्रमुख त्योहार है. इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने जिल्हज्ज की दस तारीख को यह त्योहार मनाया जाता है. ठाणे के राबोड़ी, भिवंडी, मुंब्रा, कल्याण अंबरनाथ में अल्पसंख्यकों के बीच पिछले दो दिनों से उत्साह का माहौल है. यह पर्व अल्लाह - ईश्वर की राह में त्याग, बलिदान को महत्व देता है.

# उल्हासनगर में कोर्ट में आरोपियों का हंगामा



- आरोपियों के रिश्तेदारों की पुलिस से बहस

**उल्हासनगर.** मंगलवार दोपहर उल्हासनगर के चोपड़ा कोर्ट इलाके में कुछ देर के लिए तनाव का माहौल बन गया। सुनवाई के लिए कोर्ट लाए गए कुछ आरोपियों और उनके रिश्तेदारों ने पुलिस से बहस करते हुए कोर्ट परिसर में हंगामा कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक, उल्हासनगर कैंप नंबर 3 में चोपड़ा कोर्ट में सुनवाई के लिए कुछ आरोपियों को पेश किया गया था। इसी दौरान कैदियों के साथ आई पुलिस से आरोपियों और उनके रिश्तेदारों ने मामूली बात पर बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते बहस बढ़ गई और कहा जा रहा है कि आरोपियों ने आक्रामक रुख अपना लिया।

मामले के बिगड़ने की आशंका को देखते हुए सेंट्रल पुलिस स्टेशन की एक टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बीच-बचाव कर हालात को काबू में किया और आरोपियों को समझाकर मामला शांत किया। इस घटना से कोर्ट इलाके में सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है, और कोर्ट इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम की मांग की जा रही है।

# अंबरनाथ के लिए फुल टाइम मुख्याधिकारी दिया जाए

- भाजपा नगरसेवकों की नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले से मांग

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ 'मिस्टर इंडिया' की तरह गायब रहते हैं. वह कभीकभार नपा में आते हैं. अंबरनाथ नपा को फुल टाइम मुख्याधिकारी दिया जाए, ऐसी मांग भाजपा नगरसेवकों ने गट नेता अभिजीत करंजुले के नेतृत्व में भेंट करते हुए पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल ने उपरोक्त बात कही है. तो नगरसेवक उमेश पाटिल ने कहा है कि मुख्याधिकारी उमाकांत गायकवाड़ शहरवासियों की समस्या हल करने के बजाय नागरिकों को बलि का बकरा बना रहे हैं. मुख्याधिकारी समझ रहे हैं कि अभी भी प्रशासक राज चल रहा है. यही समझकर वह मनमानी कर रहे हैं. गट नेता अभिजीत करंजुले ने कहा कि मुख्याधिकारी गायकवाड़ पालिका में कभी भी उपस्थित नहीं रहते हैं. कभी-कभी तो वह पूरे सप्ताह नपा में आते ही नहीं हैं.



12 मार्च को हुई निविदा प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं की गई है. शहर के विकास काम रुके हुए हैं. नाला सफाई, सड़कों का पैच वर्क, बारिश से पहले के सभी कार्य अभी तक पूरे नहीं हुए हैं. मुख्याधिकारी को शहर से कुछ लेना-देना नहीं है. हम सभी नगरसेवकों ने नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले से मांग की है कि हमें शहर के लिए फुल टाइम मुख्याधिकारी दिया जाए. शहर की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं. वार्ड की अनेक समस्या है. मुख्याधिकारी को शहर से लेना-देना नहीं है. ऐसा किरण राठोड़ ने कहा है. नगराध्यक्षा से भेंट करते समय अभिजीत करंजुले, मिलिंद पाटिल, प्रदीप पाटिल, कबीर गायकवाड़, उमेश पाटिल, पंकज पाटिल, चरण रसाल, किरण राठोड़, राहुल देवड़े, विपुल प्रदीप पाटिल, शांताराम म्हात्रे, जयशंकर आदि उपस्थित थे.

# ठाणे पुलिस फोर्स में अब दो जॉइंट कमिश्नर

- ठाणे क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के लिए जॉइंट कमिश्नर का पद पहली बार बनाया गया

**ठाणे.** गृह विभाग द्वारा IPS अधिकारियों के ट्रांसफर और अपॉइंटमेंट के ऑर्डर जारी करने के बाद, ठाणे पुलिस फोर्स की क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्रांच के अपर पुलिस आयुक्त पंजाबराव उगले को सीधे क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्रांच का सह आयुक्त नियुक्त किया गया है। ठाणे पुलिस कमिश्नर आशुतोष डुंबरे ने इसकी पुष्टि की है.

खास बात यह है कि उगले को 10 दिन पहले इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने ठाणे पुलिस फोर्स से पुलिस हाउसिंग एंड वेलफेयर कॉर्पोरेशन में ट्रांसफर कर दिया था। लेकिन अचानक हुए घटनाक्रम के कारण उन्हें ठाणे पुलिस फोर्स में जॉइंट कमिश्नर नियुक्त किया गया है और पुलिस फोर्स में चर्चा शुरू हो गई है। इससे पहले ठाणे पुलिस फोर्स में कमिश्नर पद के बाद जॉइंट कमिश्नर का पद ही एकमात्र पद था।

THANE POLICE COMMISSIONERATE

फिलहाल, डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण ठाणे पुलिस फोर्स में जॉइंट कमिश्नर के तौर पर काम कर रहे हैं। उसके बाद, ईस्टर्न रीजनल डिवीज़न, वेस्टर्न रीजनल डिवीज़न, एडमिनिस्ट्रेशन और क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट, इन चारों डिपार्टमेंट के लिए एक-एक एडिशनल पुलिस कमिश्नर अपॉइंट किया गया। पंजाबराव उगले कई सालों तक क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट के एडिशनल पुलिस कमिश्नर के तौर पर अपॉइंट हुए थे।

15 मई को होम डिपार्टमेंट ने उनका ट्रांसफर पुलिस हाउसिंग एंड वेलफेयर कॉर्पोरेशन में स्पेशल इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस के तौर पर कर दिया। यह डिपार्टमेंट कुछ हद तक नज़रअंदाज़ किया जाता है। उगले को ठाणे ज़िले में एक ज़रूरी पोस्ट पर अपॉइंट किया गया है। वे करीब सात-आठ साल से ठाणे ज़िले में पुलिस फ़ोर्स के अलग-अलग डिपार्टमेंट में काम कर रहे थे।

21 मई को, उन्हें अचानक एक हफ़्ते के अंदर ठाणे पुलिस फ़ोर्स में अपॉइंट कर दिया गया। उन्हें क्राइम इन्वेस्टिगेशन ब्रांच के एडिशनल पुलिस कमिश्नर के पद से प्रमोट करके जॉइंट कमिश्नर अपॉइंट किया गया है।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास संपादकीय

## क्वाड बैठक में गूंजा मुक्त व्यापार का मुद्दा

वैश्विक व्यापार के विस्तार के लिए यह जरूरी है कि समुद्री क्षेत्र पूरी तरह खुले एवं स्वतंत्र हों। विश्व की मौजूदा व्यवस्था में हर देश की अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर काफी हद तक निर्भर करती है। ऐसे में अगर किसी समुद्री क्षेत्र पर एक देश का कब्जा हो जाए, तो वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से अन्य देशों के हित स्वाभाविक रूप से प्रभावित होंगे, जैसा कि होर्मुज जलमार्ग को अवरुद्ध करने से दुनिया भर में ऊर्जा का संकट पैदा हो गया है।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर भी इस तरह की आशंकाएं व्यक्त की जाती रही हैं, क्योंकि चीन इस क्षेत्र में अपना दबदबा कायम करने की लगातार कोशिश करता रहा है।

यही वजह है कि चार देशों के संगठन क्वाड की नई दिल्ली में मंगलवार को हुई बैठक में इस मसले पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान समुद्री निगरानी और बंदरगाह अवसंरचना को मजबूत करने के लिए नए उपायों की घोषणा भी की गई। साथ ही इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को खतरे में डालने, बल प्रयोग या दबाव बनाने वाली एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया गया। क्वाड में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। इसके गठन का मूल उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता के साथ जहाजों की मुक्त आवाजाही को बनाए रखना है। यह बात छिपी नहीं है कि इस क्षेत्र में चीन अपनी सैन्य सक्रियता बढ़ाने की कोशिश में जुटा है, ताकि उसका दबदबा कायम हो सके और वह अपने हितों के अनुरूप इस समुद्री क्षेत्र का इस्तेमाल कर सके।

होर्मुज जलमार्ग को बाधित करने से उपजे वैश्विक संकट के मद्देनजर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त आवाजाही का मसला और भी ज्यादा प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि वैश्विक समुद्री व्यापार का साठ प्रतिशत इसी क्षेत्र से होकर गुजरता है।

ऐसे में अगर भविष्य में होर्मुज जलमार्ग जैसी जटिल स्थिति इस क्षेत्र में पैदा होती है, तो दुनिया में कितना बड़ा संकट खड़ा हो सकता है, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। इसलिए जरूरी है कि सुरक्षित और निर्बाध समुद्री व्यापार के लिए अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

# विमर्श कानून से ऊपर नहीं कोई मजहबी प्रथा

बकरीद पर गाय की कुर्बानी को लेकर बंगाल में एक बार फिर टकराव की परिस्थितियां बन रही हैं। ताजा विवाद केवल मजहबी मामले को नहीं, बल्कि भारतीय संविधान के उस संवेदनशील क्षेत्र को फिर सामने ले आया है, जहां आस्था, कानून, सामाजिक सद्भाव और राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी एक-दूसरे की परीक्षा लेते हैं। प्रश्न यह नहीं कि किसी समुदाय को अपने मजहब का पालन करने का अधिकार है या नहीं? यह अधिकार संविधान ने स्पष्ट रूप से दिया है।

प्रश्न यह है कि क्या किसी अवसर पर गोवंश की बलि को ऐसा अनिवार्य मजहबी आचरण माना जा सकता है, जिसके सामने राज्य के वैध पशु-संरक्षण कानून निष्प्रभावी हो जाएं? कलकत्ता हाई कोर्ट का ताजा रुख इसी प्रश्न का स्पष्ट उत्तर देता है। उसने बंगाल सरकार की उस व्यवस्था में हस्तक्षेप से इन्कार किया, जिसके तहत गाय, बैल, बछड़ा, भैंस आदि का वध बिना वैधानिक प्रमाणपत्र और अधिकृत स्थान के नहीं किया जा सकता।

अदालत ने यह भी संकेत दिया कि ईद-उल-अजहा में गाय की कुर्बानी इस्लाम की ऐसी अनिवार्य मजहबी आवश्यकता नहीं, जिसे अनुच्छेद 25 के अंतर्गत पूर्ण संरक्षण प्राप्त हो। यह दृष्टिकोण अचानक नहीं आया है। इसके पीछे सुप्रीम कोर्ट की लंबी संवैधानिक परंपरा और अनेक निर्णयों की ठोस पृष्ठभूमि है। संविधान धार्मिक स्वतंत्रता को मूल अधिकार का दर्जा देता है। अनुच्छेद 25 प्रत्येक व्यक्ति को अंतःकरण की स्वतंत्रता तथा आस्था को मानने, आचरण करने और प्रचार करने का अधिकार देता है, किंतु यह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता, स्वास्थ्य और अन्य संवैधानिक प्रविधानों के अधीन है। इसी अनुच्छेद में राज्य को सामाजिक सुधार और लोकहित से जुड़े कानून बनाने की शक्ति भी दी गई है। इसलिए मजहबी आजादी का अर्थ यह नहीं कि हर परंपरा कानून से ऊपर हो जाए।



गाय की कुर्बानी के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का पहला बड़ा निर्णय मोहम्मद हनीफ कुरैशी बनाम बिहार राज्य का है। इस मामले में बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के गोवध निषेध कानूनों को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि बकरीद पर गाय की कुर्बानी इस्लामी मजहबी आचरण का हिस्सा है और उस पर रोक अनुच्छेद 25 का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी का मजहबी महत्व हो सकता है, पर गाय की ही कुर्बानी अनिवार्य नहीं है। इस्लामी परंपरा में बकरी, भेड़, ऊंट आदि विकल्प उपलब्ध हैं। इसलिए गाय की कुर्बानी को इस्लाम की अनिवार्य मजहबी प्रथा नहीं माना जा सकता।

मजहब के नाम पर हर सामाजिक, सांस्कृतिक या परंपरागत व्यवहार को संवैधानिक संरक्षण नहीं मिल सकता। संरक्षण उसी आचरण को मिलेगा जो मजहब विशेष का मूल, आवश्यक और अविभाज्य हिस्सा हो। यदि कोई आचरण वैकल्पिक है, परंपरागत है या सामाजिक सुविधा से जुड़ा है, तो राज्य उसे लोकहित में नियंत्रित कर सकता है। इसी दृष्टि को सुप्रीम कोर्ट ने 'स्टेट आफ वेस्ट बंगाल बनाम आशुतोष लाहिड़ी' में और स्पष्ट किया।

राज्य सरकार ने बकरीद पर स्वस्थ गायों के वध के लिए छूट देने की कोशिश की थी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने उस छूट को अनुचित माना और मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के दृष्टिकोण को सही ठहराते हुए कहा कि बकरीद पर स्वस्थ गाय की कुर्बानी मुसलमानों की अनिवार्य मजहबी आवश्यकता नहीं है। यदि राज्य का कानून कहता है कि केवल उम्रदराज, अक्षम या अनुपयोगी पशु का वध वैधानिक प्रमाणपत्र के बाद ही हो सकता है, तो बकरीद के नाम पर स्वस्थ गोवंशीय पशुओं के वध की खुली छूट नहीं दी जा सकती।

सुप्रीम कोर्ट ने पशु-संरक्षण और राज्य की विधायी शक्ति को भी बार-बार मान्यता दी है। गुजरात राज्य बनाम मिर्जापुर मोती कुरैशी कसाब जमात मामले में सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के कठोर गोवध निषेध कानून को वैध ठहराया था। गोवध निषेध को केवल बहुसंख्यक धार्मिक भावना से जोड़कर देखना अधूरा दृष्टिकोण होगा। संविधान ने स्वयं पशुधन संरक्षण को अनुच्छेद 48 में नीति निर्देशक तत्वों का हिस्सा माना है। हां, यह भी उतना ही आवश्यक है कि इस नीति को लागू करते समय राज्य किसी समुदाय को राजनीतिक लाभ के लिए निशाना बनाने की प्रवृत्ति से बचे।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आइए हम अपने दिलों में शांति का दीया जलायें और उसका प्रकाश दूसरों तक भी फैलायें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# न्याय की प्रक्रिया पर उठे गंभीर सवाल

इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी आपराधिक घटना की निष्पक्ष और गहन जांच-पड़ताल के बाद ही कोई निष्कर्ष सामने आता है तथा उसी आधार पर कानूनी प्रक्रिया न्याय के निष्कर्ष तक पहुंचती है। इस बीच अगर आरोप और कार्रवाई के दौरान न्याय की मांग बाधित होती दिखती है, तो उसके लिए जिम्मेदार कारकों पर बहस होती है। मध्य प्रदेश के भोपाल में त्विषा शर्मा की मौत के मामले में कानूनी कार्रवाई को लेकर जैसी स्थितियां देखी गईं, उसमें कई सवाल उठे। त्विषा के परिवार ने उनकी मौत को दहेज के लिए की गई हत्या बताया और आरोप लगाया कि घटना से संबंधित सबूतों को मिटाने की कोशिश की गई।

इसके अलावा, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तथ्यों की तोड़-मरोड़ करने के आरोप लगे और यह भी कहा गया कि प्रभावशाली लोग मामले की जांच को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, त्विषा की मौत के बाद प्राथमिकी दर्ज करने में तीन दिन तक टालमटोल की गई और घटना से संबंधित सबूतों को संभालकर सुरक्षित रखने में पुलिस नाकाम रही। जाहिर है, यह या तो पुलिस के कामकाज में व्याप्त लापरवाही का ही एक और उदाहरण है या फिर किसी के प्रभाव में ऐसा हुआ।

दरअसल, त्विषा का पति वकील है और उनकी सास जिला न्यायाधीश रह चुकी हैं। शायद इन्हीं वजहों से मामले में त्वरित कार्रवाई से बचने और आरोपियों के प्रति नरमी बरतने के आरोप लगे। यानी यह धारणा बनी कि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है और आरोपियों को बचाने की कोशिश की जा रही है। जहां से न्याय की उम्मीद होती है, अगर वहीं के ढांचे पर कोई सवाल उठता है, तो यह समूची न्यायपालिका के लिए एक असुविधाजनक तस्वीर है। शायद इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया।



सोमवार को इस पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस विमर्श से व्यथित है कि न्यायपालिका आरोपियों को बचा रही है। इसके साथ ही अदालत ने पीड़ित पक्ष और उनके परिजनों तथा अभियुक्तों से कहा कि वे मीडिया या सार्वजनिक मंचों पर बयान देने के बजाय अपनी बात जांच एजेंसी के सामने दर्ज कराएं, ताकि जांच पर नकारात्मक प्रभाव न पड़े।

सुप्रीम कोर्ट की यह चिंता वाजिब है कि न्यायपालिका को लेकर आम जनता के बीच नकारात्मक धारणा न बने। मगर सवाल है कि आखिर पीड़ित पक्ष के सामने उचित तरीके से कार्रवाई न करने और आरोपियों को बचाने का आरोप लगाने की नौबत क्यों पैदा हुई? आखिर किन वजहों से सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की और मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने त्विषा के शव का पोस्टमार्टम दोबारा कराने का आदेश क्यों दिया? कायदे से घटना के सामने आने के बाद पुलिस अपनी ओर से खुद सबूतों को संभालने से लेकर जांच-पड़ताल और आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू करने को लेकर तुरंत सक्रिय होती।

मगर इसमें जिस तरह की टालमटोल की गई, उससे स्वाभाविक ही पीड़ित पक्ष के भीतर निराशा पैदा हुई। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट को भी मामले में दखल देने की जरूरत पड़ी। अब जरूरत इस बात की है कि त्विषा की मौत और उसके बाद उनके परिवार की ओर से दहेज के लिए हत्या कर देने के आरोपों की निष्पक्ष तरीके से जांच सुनिश्चित हो। विडंबना यह है कि दहेज से लेकर घरेलू हिंसा तक के विरुद्ध बने तमाम सख्त कानूनों के बावजूद आज भी महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम संभव नहीं हो सकी है।

# यहां लगता है दुनियाभर के टकलों का मेला

**जरा हट के**

लंदन के चकाचौंध भरे सोहो इलाके में 14 मई को एक अनोखा और हास्यास्पद मेला लगा. यहां टकलों (गंजे पुरुषों) का मेला आयोजित किया गया, जहां दुनिया के अलग-अलग देशों से गंजे लोग पहुंचे और बाल झड़ने का जमकर जश्न मनाया. इस इवेंट को देखकर कई लोगों को हैरानी हुई, क्योंकि आमतौर पर लोग बाल गिरने पर परेशान रहते हैं, लेकिन यहां गंजेपन को गर्व और खुशी के साथ सेलिब्रेट किया गया. यह मेला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. तस्वीरों और वीडियो में दिख रहा है कि सैकड़ों गंजे पुरुष एक साथ जमा हुए थे. वे फ्री बीयर का मजा लेते हुए डांस करते नजर आए, एक-दूसरे से गले मिले और गंजेपन पर जोर-शोर से चर्चा की. आयोजकों ने इसे "Bald Pride" या गंजेपन का गर्व मानते हुए आयोजित किया था.



आयोजक का कहना है कि समाज में गंजेपन को लेकर जो नेगेटिविटी है, उसे तोड़ना जरूरी है. इस इवेंट का मकसद उन्हें यह बताना था कि गंजापन कोई समस्या नहीं, बल्कि स्टाइल है. कई प्रतिभागियों ने बताया कि उन्होंने लंबे समय तक बाल उगाने की कोशिश की, महंगे तेल और दवाएं लगाईं, लेकिन जब कुछ नहीं हुआ तो उन्होंने गंजेपन को स्वीकार कर लिया और अब इसे एन्जॉय कर रहे हैं. इवेंट में फ्री बीयर का खास आकर्षण था. गंजे सिर वाले लोग बीयर पीते हुए, हंसते-खेलते और एक-दूसरे की कहानियां सुनाते नजर आए. कुछ लोगों ने अपने गंजे सिर पर पॉलिश भी करवाई और चमकाते हुए घूम रहे थे.

इस मेल में सिर्फ ब्रिटेन के ही नहीं, बल्कि अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी और भारत समेत कई देशों से गंजे लोग शामिल हुए. एक भारतीय मूल के व्यक्ति ने बताया, "भारत में लोग गंजेपन पर मजाक उड़ाते हैं, लेकिन यहां आकर लगा कि हम अकेले नहीं हैं." इवेंट की तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम, एक्स और फेसबुक पर खूब वायरल हो रहे हैं. लोग कमेंट में लिख रहे हैं — "ये तो टकलों का वर्ल्ड कप हो गया", "गंजापन भी हो सकता है इतना मजेदार", "मैं भी अगले साल जरूर आऊंगा".




# मसाला शिकंजी

मसाला शिकंजी एक प्रसिद्ध भारतीय शरबत है, जो गर्मियों में ठंडक देने के लिए सबसे अच्छा होता है। यह शिकंजी मिठास के साथ मसालेदार स्वाद देती है, जो लोगों को काफी पसंद आता है। साथ ही एनर्जी से भरपूर बने रहने में मदद कर सकती है। इस शरबत को आप घर में आसानी से बना सकते हैं। आइए जानते हैं शिकंजी बनाने की आसान रेसिपी के बारे में।

**सामग्री :**

- 1 लीटर पानी
- 1 नींबू का रस
- 1/2 कप शक्कर
- 1/2 छोटा चमच नमक
- 1/2 छोटा चमच काली मिर्च पाउडर
- 1 छोटा चमच जीरा पाउडर
- 1/2 छोटा चमच धनिया पाउडर
- 1/4 छोटा चमच हींग पाउडर

**विधि :**

- एक बड़े बरतन में पानी, शक्कर (या शहद), नमक, काली मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर, और हींग पाउडर को मिलाएं। ध्यान दें कि शक्कर को पानी में अच्छे से घुलने तक मिलाएं।
- अब नींबू का रस डालें।
- सभी सामग्री को अच्छे से मिलाएं और शिकंजी को बड़े बर्तन में डालें।
- शिकंजी को फ्रिज में 1-2 घंटे के लिए ठंडा करें।
- सर्व करें और ठंडे ठंडे मसालेदार शिकंजी का आनंद लें।



## आज का राशिफल

**मेष** : आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ** : पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** : आय में निश्चितता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा।

**कर्क** : प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें।

**सिंह** : परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या** : मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**तुला** : मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता बनी रहेगी।

**धनु** : व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है।

**मकर** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ** : व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। संतुष्टि नहीं होगी।

**मीन** : उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा.

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# युवाओं में 15% तक बढ़ गया है स्ट्रोक का खतरा

- **आखिर क्या है इसकी वजह?**
- **आप भी रहें सावधान**

हार्ट अटैक और स्ट्रोक के मामले वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ते हुए देखे जा रहे हैं। अध्ययन की हालिया रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले एक दशक में 18 से 44 वर्ष की आयु के लोगों में स्ट्रोक के मामले तेजी से बढ़े हैं। स्ट्रोक तब होता है जब किन्हीं कारणों से मस्तिष्क में रक्त का प्रवाह अवरुद्ध हो जाता है या फिर मस्तिष्क में रक्तस्राव होने लगता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्ट्रोक को जानलेवा समस्या मानते हैं। वैश्विक स्तर पर हर साल लाखों लोगों की मौत स्ट्रोक के कारण हो रही है।

सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के हालिया अध्ययन में विशेषज्ञों ने चिंता जताते हुए कहा है कि पिछले एक दशक में युवा आबादी (18 से 44 वर्ष की आयु) में स्ट्रोक की स्वयं-रिपोर्ट की गई घटनाओं में 14.6 फीसदी तक की वृद्धि रिपोर्ट की गई है। वहीं 45 से 64 वर्ष की आयु के लोगों में स्ट्रोक के मामलों में लगभग 15.7% की बढ़ोतरी हुई है।

### स्ट्रोक का बढ़ता जोखिम

गौरतलब है कि साल 2006-2010 के बीच सभी आयु वर्ग में स्ट्रोक के मामलों में 3.7% की कमी देखी गई थी, हालांकि इसके बाद से इस तरह की जानलेवा घटनाओं के मामले लगातार बढ़ते हुए रिपोर्ट किए जा रहे हैं। सीडीसी की कोमोरबिडिटी और मृत्यु दर की साप्ताहिक रिपोर्ट में प्रस्तुत किए गए स्ट्रोक के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं।

सीडीसी ने बताया कि 1999-2000 से 2017-2018 तक पुरुषों में मोटापा 27.5% से बढ़कर 43% और महिलाओं में 33.4% से बढ़कर 41.9% हो गया। ये स्ट्रोक के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक हैं। इसके अलावा लाइफस्टाइल और आहार की गड़बड़ी के कारण भी स्ट्रोक के मामलों में बढ़ोतरी रिपोर्ट की जा रही है।

### महिला-पुरुष दोनों को खतरा

अध्ययन की रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं में स्ट्रोक के मामलों में 9.3% और पुरुषों में 6.2% की वृद्धि हुई है। अध्ययन लेखकों ने कहा, स्ट्रोक से जुड़े जनसांख्यिकीय सहित अन्य कारकों की समय रहते पहचान करना और स्ट्रोक की रोकथाम के लिए प्रयास करते रहना जरूरी है। अमेरिका में स्ट्रोक मौत का पांचवां प्रमुख कारण है।



### इन कारकों पर ध्यान देना भी जरूरी...

- स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया ऐसे कई कारक हैं जो स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाते हैं, जिसके बारे में सभी लोगों को जानना और इससे बचाव करते रहना भी जरूरी है।
- धूम्रपान हृदय और रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है जिससे रक्तचाप बढ़ सकता है।
- शराब पीने वालों में भी रक्तचाप और स्ट्रोक का जोखिम अधिक हो सकता है।
- संतृप्त वसा, नमक और चीनी का अधिक सेवन करना भी स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाने वाला हो सकता है।
- अध्ययनों में पाया गया है कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में स्ट्रोक होने और इससे मृत्यु का जोखिम अधिक होता है।

### क्यों बढ़ रहे हैं स्ट्रोक के मामले?

पेन मेडिसिन की रिपोर्ट के मुताबिक उच्च रक्तचाप स्ट्रोक का प्रमुख जोखिम कारक है। रक्तचाप बढ़ने के कारण आपकी रक्त वाहिकाओं के भीतर अतिरिक्त दबाव भी बढ़ने लगता है, इससे उनके टूटने और रक्तस्राव को खतरा हो सकता है। यही कारण है कि सभी लोगों को रक्तचाप को कंट्रोल में रखने की सलाह दी जाती रही है। उच्च रक्तचाप के अलावा डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या भी स्ट्रोक के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है।

# गर्मियों में पेट की सेहत खराब नहीं होने देते ये 6 फूड

- **आज से डाइट में करें शामिल**
- **अपच, ब्लोटिंग, डायरिया से भी होगा बचाव**

कुछ लोगों का पेट हमेशा ही खराब रहता है. पाचन संबंधित समस्याएं जैसे अपच, बदहजमी, ब्लोटिंग, गैस, पेट में जलन आदि लगातार बनी रहती हैं. ऐसा आपके साथ भी है तो फिर आप इसका इलाज जरूर कर लें क्योंकि संपूर्ण रूप से हेल्दी बने रहने के लिए गट हेल्थ (Gut health) सही होना बहुत जरूरी है. पेट की सेहत खराब यानी पूरी फिजिकल और मेंटल हेल्थ खराब रहना. हालांकि, आप पेट की सेहत को दुरुस्त बनाए रख सकते हैं, यहां बताए गए फूड्स को डाइट में शामिल करके. खासकर गर्मी के दिनों में पेट की समस्या काफी होती है. ऐसे में गर्मियों में कुछ भी उल्टा-सीधा खाने से गट हेल्थ सबसे पहले प्रभावित होता है.



### पेट की सेहत को दुरुस्त रखने वाले फूड

**दही-** गर्मियों में अक्सर लोगों को पाचन संबंधित समस्याएं होती हैं. बाहर का खाना खाने से पेट खराब हो सकता है. ऐसे में गट हेल्थ को समर सीजन में हेल्दी रखने के लिए डेली डाइट में दही को जरूर शामिल करें. दही हेल्दी गट बनाए रखने के लिए शानदार खाद्य पदार्थ है. दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो बेहद हेल्दी बैक्टीरिया हैं. ये गट माइक्रोबायोटा का बैलेंस मेंटेन रखते हैं.

**फाइबर युक्त फूड खाएं-** वैसे फूड्स गर्मी के मौसम में जरूर खाएं जिनमें फाइबर की मात्रा काफी अधिक होती है. फाइबर डाइजेशन को बूस्ट करता है. आप फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स, फलियां, दालें खाएं. ये सभी गट हेल्थ को हेल्दी रखने के लिए बेहद जरूरी हैं. फाइबर प्रीबायोटिक की तरह काम करता है जो पेट में मौजूद गुड बैक्टीरिया के ग्रोथ में मदद करता है.

**सेब का सिरका-** सेब से तैयार किया गया सिरका भी पेट की सेहत को सही बनाए रखने में मदद करता है. इसके सेवन से कई अन्य सेहत लाभ होते हैं. इस सिरके में एसेटिक एसिड होता है, जो पेट में मौजूद फायदेमंद बैक्टीरिया के ग्रोथ में कारगर होता है.

**केला खाएं-** गर्मियों में पेट को हेल्दी रखने के लिए आप हर दिन एक केला जरूर खाएं. केला खाना सेहत के लिए काफी हेल्दी है. केला इंफ्लेमेशन को कम करता है. यह खराब पेट, डायरिया आदि को दूर करता है. पाचन तंत्र के लिए केला काफी हेल्दी फलों में से एक माना गया है.

**साबुत अनाज-** गर्मी के मौसम में आपको साबुत अनाज का भी सेवन करना चाहिए. यह गुड गट हेल्थ को बनाए रखता है. रागी, जौ को डाइट में शामिल करें. साबुत अनाज ना सिर्फ इंफ्लेमेशन कम करते हैं, बल्कि गुड बैक्टीरिया के ग्रोथ में भी बढ़ावा देते हैं.

**पिएं छाछ-** गर्मियों में पेट को हेल्दी रखने के लिए छाछ जरूर पीना चाहिए. यह अपच, ब्लोटिंग, बदहजमी, कब्ज आदि को दूर रखता है. छाछ एक प्रोबायोटिक से भरपूर ड्रिंक है. यह एक लो-कैलोरी ड्रिंक है जिसमें भरपूर मिनरल्स और विटामिंस होते हैं. गर्मी में छाछ पीने से पेट हेल्दी रहने के साथ ही कूल भी रहता है.

### क्यों जरूरी है हेल्दी गट का होना?

- एक खबर के अनुसार, हेल्दी गट को बनाए रखना काफी काफी कठिन है. हालांकि डाइजेशन सही रहता है तो संपूर्ण सेहत अच्छी बनी रहती है. यह एफेक्टिव डाइजेशन, न्यूट्रिएंट को बेहतर तरीके से एब्जॉर्ब करने के लिए जरूरी है. इससे शरीर का एनर्जी लेवल, मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है. हेल्दी वेट को बनाए रखने के लिए शरीर की क्षमता को बरकरार रखता है. पेट में पाए जाने वाले लाखों-करोड़ों गुड गट बैक्टीरिया पेट में हेल्दी वातावरण को बनाए रखता है. इम्यून फंक्शन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

संक्षेप...

## उत्तराधिकारी बनाने के नाम पर 5.72 लाख ठगे

**कल्याण.** तिलकनगर पुलिस थाने में विदेश में स्थित संपत्ति में उत्तराधिकारी बनाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस ने डोंबिवली निवासी संजय भिकाजी देशपांडे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता खुर्शीद दिन्यार दारूवाला ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2014 से अब तक आरोपी संजय देशपांडे ने उन्हें और गवाह केदार खराडकर को विदेश स्थित संपत्ति में उत्तराधिकारी बनाने का झांसा दिया. आरोप है कि आरोपी ने अलग-अलग समय पर बैंक ट्रांजेक्शन और नकद रूप में कुल 5 लाख 72 हजार 600 रुपए लिए. शिकायतकर्ता का कहना है कि रकम लेने के बावजूद आरोपी ने उत्तराधिकार से जुड़ी कोई कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं की और उनके अज्ञान का फायदा उठाकर धोखाधड़ी की. इस मामले में तिलकनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

# खाद्य तेल के नाम पर अवैध डीजल तस्करी का भंडाफोड़

- 54 हजार लीटर डीजल जब्त
- 10 आरोपियों पर केस दर्ज



**ठाणे.** ठाणे जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में मुंबई-नाशिक महामार्ग पर अवैध डीजल तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। दो अलग-अलग छापेमारी में करीब 87 लाख रुपये से अधिक कीमत का 54 हजार लीटर अवैध डीजल और डीजल जैसे ज्वलनशील पदार्थ जब्त किए गए हैं। इस कार्रवाई के बाद अवैध इंधन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### खाद्य तेल के नाम पर चल रहा था डीजल का खेल

पहली कार्रवाई ठाणे शहर गुन्हे शाखा घटक-1 और शिधावाटप विभाग की संयुक्त टीम ने खारेगांव टोलनाका के पास की। यहां एक टैंकर (MH-46-BB-7134) को रोका गया, जिस पर लोगों को गुमराह करने के लिए "Edible Oil" यानी खाद्य तेल लिखा गया था।

जांच में टैंकर के पांच कम्पार्टमेंट से करीब 25 हजार लीटर अवैध डीजल जैसा पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने करीब 24.50 लाख रुपये का इंधन और 22 लाख रुपये का टैंकर, कुल 46.50 लाख रुपये का माल जब्त किया।

प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी विरार खाड़ी इलाके से बोट के जरिए डीजल लाकर टैंकर में भरते थे और उसे नाशिक की ओर सप्लाई करने की तैयारी थी। मामले में चालक धर्मेंद्रकुमार श्यामलाल पटेल को गिरफ्तार किया गया है, जबकि टैंकर मालिक सहित 8 लोगों के खिलाफ कळवा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

दोनों मामलों में पुलिस ने कुल 10 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### कसारा में दूसरी बड़ी कार्रवाई

दूसरी कार्रवाई कसारा पुलिस थाना क्षेत्र में चिंतामणवाड़ी पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान की गई। पुलिस ने संदिग्ध टैंकर (MH-46-BU-2388) को रोककर जांच की। चालक आसिफ करीम सैय्यद ने टैंकर में डीजल होने की बात कबूल की। प्राथमिक जांच में पता चला कि यह डीजल गडचिरोली के सुरजागड खदान क्षेत्र में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। टैंकर से करीब 29 हजार लीटर अवैध डीजल बरामद हुआ। पुलिस ने इस कार्रवाई में 26.26 लाख रुपये का डीजल और 15 लाख रुपये का टैंकर, कुल 41.26 लाख रुपये का माल जब्त किया है।

# अबोध जन्मे बच्चे की आँख की रोशनी बचाने में सिविल अस्पताल पहले स्थान पर

- पिछले साल 1000 ROP टेस्ट
- 10 बच्चों का सफल इलाज
- ठाणे राज्य में पहले नंबर पर



**ठाणे.** सिविल अस्पताल का पीडियाट्रिक आई डिपार्टमेंट "रेटिनोपैथी ऑफ़ प्रीमैच्योरिटी (ROP)" की जांच और इलाज के लिए है, जो एक गंभीर बीमारी है जिससे समय से पहले जन्मे और कम वज़न वाले बच्चों में अंधापन होता है। पिछले साल अस्पताल में 1000 बच्चों की ROP जांच की गई, जिनमें से 10 बच्चों का सफल इलाज किया गया। ठाणे ज़िला राज्य में पहले स्थान पर है।ROP एक ऐसी बीमारी है जो मुख्य रूप से समय से पहले जन्मे बच्चों में पाई जाती है। अगर समय पर इसका पता न चले और इलाज न हो, तो हमेशा के लिए नज़र कमज़ोर हो सकती है या अंधापन हो सकता है। इसी को देखते हुए, ठाणे सिविल अस्पताल में पीडियाट्रिक आई डिपार्टमेंट जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार और अतिरिक्त सिविल सर्जन डॉ. धीरज महानगड़े की देखरेख में काम कर रहा है, और यहां बच्चों की रेगुलर आंखों की जांच की जा रही है, ऑप्थल्मोलॉजिस्ट डॉ. शुभांगी अंबाडेकर ने बताया।स्टेट फैमिली वेलफेयर ऑफिस की गाइडलाइंस के मुताबिक, जिन बच्चों की आंखों की जांच हो रही है, उनके लिए खास जांच की जाती है। NICU/SNCU में इलाज। मॉडर्न रेटिनल कैमरा के ज़रिए बच्चों की आँखों की जाँच की जा रही है और ज़रूरत के हिसाब से तुरंत इलाज दिया जा रहा है। इस पहल से कई बच्चों की आँखों की रोशनी बचाने में मदद मिली है और माता-पिता में भी जागरूकता बढ़ी है। इसके लिए आई सर्जन डॉ. शुभांगी अंबाडेकर, डॉ. राहुल गुरव, नर्स अस्मिता कदम, शीतल जठार, नीलम निकालजे, कीर्ति बोराडे आदि के अथक प्रयास से चल रहा हैं।

> समय से पहले जन्मे बच्चों को ROP की वजह से अपनी नज़र खोने का खतरा होता है। हालाँकि, अगर सही समय पर उनकी स्क्रीनिंग और इलाज किया जाए तो इस खतरे से बचा जा सकता है। ठाणे सिविल अस्पताल में बड़े पैमाने पर की जा रही स्क्रीनिंग बच्चों की आँखों की रोशनी बचाने के लिए ज़रूरी साबित हो रही है।
>
> **-डॉ. कैलाश पवार** (जिला सिविल सर्जन ठाणे)

# नाले की सफाई का काम युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए - कमिश्नर सौरभ राव




**ठाणे.** मनपा क्षेत्र में नाले की सफाई का काम पूरा करते समय काम की क्वालिटी, काम की स्पीड और समय पर काम पूरा करने पर ज़ोर दिया जाना चाहिए। आज हुई मीटिंग में कमिश्नर सौरभ राव ने निर्देश दिया कि ज़रूरत वाली जगहों पर प्लानिंग करके एक्स्ट्रा मैनपावर और मशीनरी उपलब्ध कराई जाए ताकि 5 जून तक बचा हुआ नाले की सफाई का काम युद्ध स्तर पर पूरा हो जाए।

सभी असिस्टेंट कमिश्नर को निर्देश दिया गया कि जिन इलाकों में नाला सफाई का काम चल रहा है, वहां के लोकल लोगों से संपर्क में रहें, असल में जिन जगहों पर काम करने में दिक्कतें आ रही हैं, वहां नाला सफाई को लेकर जो निर्देश वे दें, उन्हें लागू करें।साथ ही, जहां निचले इलाके हैं, जहां हर साल पानी जमा होता है, वहां करीब 102 पंप लगाने, भारी बारिश में निचले इलाकों में पानी जमा होने पर उन जगहों पर पंप ऑपरेटर की व्यवस्था करने और पंप बंद होने पर तुरंत कार्रवाई की योजना बनाने और शहर के सेंसिटिव और बाढ़ की आशंका वाले इलाकों पर खास ध्यान देकर उपाय लागू करने की कार्रवाई की जा रही है।

कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि नाला सफाई के दौरान निकाली गई सिल्ट को तुरंत उठाकर डिस्पोज किया जाए। साथ ही, रेलवे लाइन के किनारे पुलिया, नालों और माउथ आउटलेट का निरीक्षण कर जरूरी उपाय किए जाएं और जहां मैनपावर की कमी है, वहां एक्स्ट्रा मैनपावर देने के निर्देश भी मीटिंग में दिए गए।उन्होंने मीटिंग में सभी संबंधित लोगों को निर्देश दिया कि वे नाले की सफाई के काम का रोज़ाना रिव्यू करें और किए गए काम का रिकॉर्ड रखें, और जहाँ ज़रूरी हो वहाँ एक्स्ट्रा मैनपावर लगाएं ताकि काम 5 जून तक ठीक से पूरा हो जाए।

# इको-फ्रेंडली गणेश मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकारों को मनपा से राहत



**ठाणे.** मनपा ने इस साल के इको-फ्रेंडली गणेशोत्सव के लिए शाडू मिट्टी और इको-फ्रेंडली चीज़ों का इस्तेमाल करके गणेश मूर्तियां बनाने वाले मूर्तिकारों को बड़ी राहत दी है।मनपा ने एक्सपेरिमेंट के तौर पर फ्री जगह देने का फैसला किया है और कमिश्नर सौरभ राव ने बताया कि जगहें ₹पहले आओ, पहले पाओ₹ के आधार पर दी जाएंगी।इसके लिए, इच्छुक मूर्तिकारों को 15 जून, 2026 तक संबंधित वार्ड कमेटी ऑफिस में एक एप्लीकेशन जमा करनी होगी। मिले एप्लीकेशन की जांच के बाद, उपलब्धता के हिसाब से 15 जुलाई, 2026 तक जगह और शाडू मिट्टी फ्री में दी जाएगी। सिर्फ जगह मनपा देगी और शेड, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं मूर्तिकारों को खुद देनी होंगी। शाडू मिट्टी गांव के महिला सेल्फ-हेल्प ग्रुप और वर्तकनगर की एयर पॉल्यूशन लेबोरेटरी को भी दी गई है।इको-फ्रेंडली मटीरियल या शाडू मिट्टी से मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकार अगर जगह के लिए अप्लाई करते हैं, तो उन्हें खुद मूर्तिकार होना ज़रूरी है और उन्हें नगर निगम को गारंटी लेटर देना ज़रूरी किया गया है। इको-फ्रेंडली मटीरियल/शाडू मिट्टी से मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकारों को अपने मंडप के बाहर 3 बाय 5 फीट का बोर्ड लगाना भी ज़रूरी होगा, जिस पर लिखा हो कि इको-फ्रेंडली मूर्तियाँ उपलब्ध हैं।इको-फ्रेंडली मटीरियल/शाडू मिट्टी से मूर्ति बनाने वाले मूर्तिकारों को नगर निगम की तरफ से इस साल एक्सपेरिमेंट के तौर पर मुफ़्त में दी गई ज़मीन नवरात्रि खत्म होने तक उपलब्ध रहेगी और उसके बाद नगर निगम ने तय किया है कि इसे फिर से नगर निगम को सौंप दिया जाए।इस बीच, वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे के मौके पर, ठाणे मनपा के एनवायरनमेंट डिपार्टमेंट की तरफ से हीरानंदानी एस्टेट इलाके के बायोडायवर्सिटी पार्क में 5 जून से 7 जून 2026 तक शाडू मिट्टी से गणेश मूर्तियां बनाने पर एक वर्कशॉप रखी गई है। यह वर्कशॉप सभी के लिए खुली है और रजिस्ट्रेशन के लिए http://forms.gle/AHfh9rASdCEa9NrQ7 लिंक पर रजिस्ट्रेशन करना होगा,यह चीफ एनवायरनमेंट ऑफिसर मनीषा प्रधान ने बताया है।

## खारघर में 24 पेड़ों को काटने पर बवाल

**पनवेल.** खारघर इलाके में 24 पुराने और बड़े पेड़ों को काटने की अनुमति दिए जाने के बाद पर्यावरण को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। मनपा के इस फैसले के खिलाफ स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया है। शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

# भिवंडी में 6.10 लाख की बिजली चोरी पकड़ी गई

**भिवंडी.** शांतीनगर थाना क्षेत्र के काल्हेर इलाके में बिजली चोरी का बड़ा मामला सामने आया है। टोरेन्ट पावर कंपनी की जांच में करीब 6.10 लाख रुपये की बिजली चोरी पकड़ी गई, जिसके बाद दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, काल्हेर स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के पास रहने वाले पैरीस प्रकाश पाटील और आदेश प्रकाश पाटील ने अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन लेकर बिजली का उपयोग किया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने ट्रांसफॉर्मर से सीधे तीन वायर जोड़कर बिना मीटर बिजली इस्तेमाल की।

बताया गया कि फरवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच आरोपियों ने करीब 24,290 यूनिट




बिजली का अवैध उपयोग किया, जिससे कंपनी को 6,10,523 रुपये का नुकसान हुआ।

शांतीनगर पुलिस ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक अरुण घोलप कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी फिलहाल फरार हैं।

# खंबालपाड़ा में युवक की चाकू मारकर हत्या



**कल्याण.** ठाकुर्ली के 90 फीट रोड स्थित खंबालपाड़ा के कांचन गांव में घर निर्माण को लेकर हुए विवाद ने खूनी रूप ले लिया। दो पड़ोसियों के बीच पुराने विवाद के चलते एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना से इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल है।जानकारी के अनुसार, आरोपी रोहित शेलार (25) ने पड़ोसी प्रताप चौधरी उर्फ (38) के पेट में चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रताप खून से लथपथ हालत में किसी तरह अपने घर पहुंचा।परिजन उसे तत्काल निजी अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी सुहास हेमाडे ने बताया कि दोनों के बीच पहले भी घर बनाने को लेकर विवाद हो था। अवैध निर्माण चल रहा था और प्रताप ने केडीएमसी में शिकायत भी किया थी। मृतक प्रताप चौधरी कैटरिंग का व्यवसाय करता था। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही तिलकनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शास्त्रीनगर अस्पताल भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी की तलाश और मामले की आगे की जांच में जुटी हुई।

घरों की गिनती ध्यान से की जाए ताकि

# शहर के हर घर का रजिस्ट्रेशन हो - मनपा आयुक्त सौरभ राव

- कमिश्नर के निर्देश, लक्ष्य पर ध्यान रखकर काम करें

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत में 16 मई से घरों की गिनती के लिए गिनती करने वाले हर घर जा रहे हैं और मनपा कमिश्नर सौरभ राव ने प्रभाग समिति के हिसाब से चल रही घरों की गिनती की प्रक्रिया का रिव्यू किया। 14 जून 2026 तक 100 परसेंट घरों की गिनती पूरी कर ली जाएगी, जिसमें कोई भी घर बिना गिनती के नहीं बचेगा, जिसे देखते हुए कमिश्नर ने मीटिंग में संबंधित असिस्टेंट कमिश्नरों को ज़रूरत पड़ने पर और मैनपावर बढ़ाने के निर्देश दिए।इस मीटिंग में डिप्टी कमिश्नर जी.जी. गोदापुरे, मधुकर बोडके, दिनेश तायडे, दीपक जिंजड़, डॉ. मिताली संचेती के साथ-साथ सभी प्रभाग समिति के असिस्टेंट कमिश्नर और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर मौजूद थे। ठाणे शहर में नौ प्रभाग समिति के तहत 5284 हाउस ग्रुप बनाए गए हैं, जिनके तहत करीब 7 लाख 34 हजार 496 घर हैं। डिप्टी कमिश्नर मधुकर बोडके ने बताया कि पूरे ठाणे शहर में हाउस सेंसस के लिए 5323 एन्यूमरेटर और 852 सुपरवाइजर काम कर रहे हैं। फिलहाल ठाणे मनपा एरिया में 40 परसेंट हाउस सेंसस का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि 14 जून 2026 तक 100 परसेंट हाउस सेंसस पूरा हो जाना चाहिए और इसके लिए सभी असिस्टेंट कमिश्नर कोशिश कर रहे हैं।मीटिंग में अलग-अलग वार्डों में हाउस सेंसस के काम की प्रोग्रेस का डिटेल में रिव्यू किया गया। कमिश्नर ने कुछ जगहों पर मैनपावर या टेक्निकल दिक्कत होने पर तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए। कमिश्नर सौरभ राव ने सभी असिस्टेंट कमिश्नरों को 14 जून 2026 तक 100 परसेंट काम पूरा करने और 30 मई 2026 तक 70 परसेंट घरों की गिनती पूरी करने के टारगेट को ध्यान में रखकर काम करने के भी निर्देश दिए।

# दवाइयों से गंजे हुए हनी सिंह, बोले- विग लगाता हूं

- बाइपोलर डिसऑर्डर से वजन 105 किलो हुआ
- 3 साल बेडरूम से बाहर नहीं निकला



गायक और रैपर यो यो हनी सिंह ने अपनी सेहत और निजी जिंदगी को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि बाइपोलर डिसऑर्डर और नशे की लत से लड़ाई के दौरान भारी दवाइयों के साइड इफेक्ट के कारण वे पूरी तरह गंजे हो चुके हैं और अब विग लगाते हैं। हनी सिंह ने अपने मानसिक तनाव के दिनों को याद करते हुए बताया कि वे सात साल तक घर के अंदर ही रहे, जिसमें से तीन साल उन्होंने सिर्फ अपने बेडरूम में बिताए। अब वे इस बीमारी से ठीक होकर इंडस्ट्री में कमबैक कर चुके हैं।

### दवाइयों के साइड इफेक्ट से झड़ गए सारे बाल

दिल्ली में पैदा हुए 43 वर्षीय हृदेश सिंह उर्फ यो यो हनी सिंह हाल ही में 'एबीटॉक्स' पॉडकास्ट में शामिल हुए। इस बातचीत में उन्होंने अपनी बीमारी और उसके इलाज के असर पर खुलकर बात की। हनी सिंह ने बताया कि लंबे समय तक चली भारी दवाइयों के कारण उनका वजन 105 किलो तक पहुंच गया था।

इसी इलाज के साइड इफेक्ट की वजह से उनके सिर के सारे बाल झड़ गए। सिंगर ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि सिर पर दिखने वाले बाल असली नहीं हैं, बल्कि वे एक विग का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने माना कि 2014 में ड्रग्स छोड़ देने के बाद भी ठीक होने का सफर काफी लंबा और तकलीफ भरा था।

हनी सिंह ने साल 2018 और 2019 के मुश्किल समय को याद करते हुए बताया कि उन्हें हर वक्त यह वहम रहता था कि वे मर चुके हैं और स्वर्ग-नरक के बीच कहीं फंसे हैं। जब उनकी मां उन्हें खाना देती थीं, तो उन्हें लगता था कि यह उनका आखिरी खाना है। उन्होंने बताया कि वे सात साल तक एक ही दवा ले रहे थे, जिससे कोई सुधार नहीं हो रहा था।

## इनऑर्बिट मॉल-होटल होंगे वैध

**नवी मुंबई.** सुप्रीम कोर्ट ने नवी मुंबई के वाशी सेक्टर 30 ए में के. रहेजा कॉर्प के 'इनऑर्बिट मॉल' और होटल प्रोजेक्ट को गिराने के बॉम्बे हाई कोर्ट के 2014 के आदेश को रद्द कर दिया है. कोर्ट ने प्रोजेक्ट को गिराने की बजाय आर्थिक दंड वसूल कर प्लॉट को वैध करने का फ़ैसला किया. जस्टिस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने पब्लिक इंटरेस्ट और 'प्रोपोर्शनैलिटी के प्रिंसिपल' पर विचार करते हुए डेवलपर्स, ट्रेडर्स और हज़ारों कर्मचारियों को राहत दी है.

### सिडको ने 2003 में दिया था भूखंड

सिडको ने सितंबर 2003 में डायरेक्ट अलॉटमेंट के ज़रिए के. रहेजा कॉर्प को लगभग 30,582 वर्ग मीटर का यह प्लॉट दिया था.

# 140 लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर ठगा

- सोशल मीडिया के जरिए युवतियों से दोस्ती
- फंसाने वाला युवक गिरफ्तार
- 11 लड़कियों की शिकायत पर हुई गिरफ्तारी
- इंस्टाग्राम पर आदर्श दोस्ती कर बैंक से लेता था लोन



**कल्याण.** लड़कियों को प्यार के जाल में फंसाकर उनके नाम पर लाखों रुपये का लोन निकालने वाले धोखेबाज आदर्श म्हात्रे को डोंबिवली की मानपाड़ा पुलिस ने हिरासत में लिया है। इससे पहले उसे नवी मुंबई पुलिस ने भी गिरफ्तार किया था। पनवेल इलाके का आदर्श म्हात्रे सोशल मीडिया के ज़रिए लड़कियों से जान-पहचान बढ़ाता था। आरोप है कि वह दोस्ती और प्यार के नाम पर उनके नाम पर अलग-अलग बैंकों से लोन निकाल रहा है। अब तक की जांच में पता चला है कि उसने 140 से ज़्यादा लड़कियों को ठगा है और 11 लड़कियों ने शिकायत दर्ज कराई है। खास बात यह है कि यह बात सामने आई है कि पीड़ित लड़कियों में से कई पढ़ी-लिखी हैं और ऊंचे पदों पर काम कर रही हैं। नवी मुंबई में हुई कार्रवाई के बाद डोंबिवली की एक लड़की ने भी शिकायत दर्ज कराई, इसलिए मानपाड़ा पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है।

## आम सूचना

मैं श्री महेश शितलाप्रसाद तिवारी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, दीपक किराणा स्टोर के पास, संभाजी नगर, शिव मंदिर के पीछे, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 03एओ019776800) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती निर्मला गोविंद पाटील के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 9.5.2026 सी.नं. 336/2026 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री महेश शितलाप्रसाद तिवारी**

## आम सूचना

मैं श्री हीरू गणेशमल बठीजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि आफिस नं. 202, 2रा माला, कृष्णा शापिंग सेंटर, सामने भारत सिनेमा, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 28बीआय008239600) उक्त प्रॉपर्टी श्री राम दयालदास प्रेमाणी व श्री मुकेश (सोनी) लालचंद खत्री के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 1.8.2009 सी.नं. 279 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री हीरू गणेशमल बठीजा**

## PUBLIC NOTICE

I HAVE CHANGED MY OLD NAME **AVINASH KRISHNA VARMA** TO **AVINASH KRISHNA PRASAD VARMA** AS PER DOCUMENTS. NOW I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **AVINASH KRISHNA PRASAD VARMA.**

**ADD :** ANAND NAGAR,ROOM NO 9, CHAWL NO 1, KHADEGOLAVI, OPP SHREE RAM TAKIES, KALYAN EAST, DIST THANE, MAHARASHTRA - 421306.




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099